# देश के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर का निर्माण 1300 करोड़ से होगा

**बदलता लखनऊ**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर करीब 1300 करोड़ की लागत से बनेगा। इसमें 10 हजार लोगों के एक साथ बैठने की सुविधा रहेगी। यहां सबसे बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग भी बनाने की तैयारी है। इसमें एक साथ करीब 5500 कारें खड़ी हो सकेंगी। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने निर्माण के लिए कमर कस ली है। डिजाइन व डीपीआर तैयार है।

राजधानी में प्रस्तावित देश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर बेहद खूबसूरत होगा। देश-प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखाई देगी। कहीं मंदिरों के आकार की कलाकृतियां होंगी तो कहीं योग मुद्राओं की। इसे कुल 32.50 एकड़ में बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के प्रस्ताव के मुताबिक बड़े सांस्कृतिक, राजकीय, राजनीतिक और धार्मिक समारोह आयोजित किए जा सकेंगे।

**ये सुविधाएं भी होंगी:** मेट्रो ड्रॉप पॉइंट, टिकट प्लाजा, सिक्योरिटी चेक, बेसमेंट में जाने के लिए रैंप, एस्केलेटर, लिफ्ट, फूड कोर्ट में 1330 लोगों की सेटिंग एरिया, प्री फंक्शन कन्वेंशन हॉल समेत अन्य।



राजधानी में प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर की डिजाइन और डीपीआर तैयार है।

## एक साथ 5000 लोग कर सकेंगे भोजन

कन्वेंशन सेंटर में खूबसूरत विशाल डाइनिंग हॉल होगा। एक साथ 5000 से ज्यादा लोग भोजन कर सकेंगे। यह अत्याधुनिक सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार होगा। सेंटर में चार बड़े होटल प्रस्तावित हैं। एक फाइव स्टार और दूसरा थ्री स्टार होटल होगा।

## तीन अलग-अलग ऑडिटोरियम होंगे

कन्वेंशन सेंटर में तीन और ऑडिटोरियम बनाए जाएंगे। दो ऑडिटोरियम 2500 क्षमता के होंगे, जबकि एक 1250 लोगों की क्षमता का बनाया जाएगा। सेंटर में हिंदू मंदिर के आर्किटेक्चर की झलक दिखाई देगी। देश की संस्कृति और विरासत की झलक दिखेगी।

## मेट्रो स्टेशन और फुट ओवर ब्रिज भी बनेगा

कन्वेंशन सेंटर में मेट्रो स्टेशन भी प्रस्तावित किया गया है ताकि भविष्य में मेट्रो यहां आए तो आसानी से कन्वेंशन सेंटर से कनेक्टिविटी हो सके। बताया जा रहा है कि यहां फुट ओवर ब्रिज भी बनेगा, जिससे लोग स्टेशन से सीधे कन्वेंशन सेंटर में आ सकें।

## 14 मंजिला होगी मल्टीलेवल पार्किंग

यहा बेसमेंट समेत 14 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जाएगी। यह तीन मंजिला बेसमेंट, भूतल के अलावा नौ मंजिला ऊंची होगी। दसवीं मंजिल टेरेस पर भी पार्किंग होगी। लगभग 5500 कारें यहां एक बार में खड़ी होंगी। 36 ट्रक तथा 33 बसों की भी पार्किंग होगी। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पूरी बिल्डिंग ऐसे बनेगी कि तेजी से खाली हो सके।

"इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बहुत खूबसूरत होगा। इसे ईपीसी मोड पर बनाया जाएगा। सरकार बजट दे रही है। लगभग 1300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डीपीआर तैयार हो गई है। 32.50 एकड़ जमीन पर निर्माण होगा। **डॉ. बलकार सिंह**, आवास आयुक्त